CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:48 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:43 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 62 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 19 अगस्त 2026

अंजलि अरोड़ा का एक्टिंग डेब्यू...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक गिरफ्तार, 1320 रुपये बरामद

हल्द्वानी। बनभूलपुरा पुलिस ने गोला बाईपास रोड पर चेकिंग के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, और 1320 रुपये की नकदी बरामद की। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी की पहचान अखलाक हुसैन पुत्र अल्ताफ हुसैन, निवासी वार्ड नंबर 18, लाइन नंबर 17, लाल मस्जिद के पास, बनभूलपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर है। न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में कांस्टेबल शिवम कुमार और कांस्टेबल यासीन शामिल रहे।

### नशे में वाहन चलाने वाले चालक पर मुकदमा, ऑपरेशन प्रहार में वारंटी गिरफ्तार

हल्द्वानी। काठगोदाम पुलिस ने अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ दोहरी कार्रवाई की। पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाते एक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जबकि ऑपरेशन प्रहार के तहत लंबे समय से वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। बीती रात काठगोदाम पुलिस ने कल्सिया पुल के पास चेकिंग के दौरान वाहन के चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद, निवासी सुदियाबा, हाफिजगंज, बरेली के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उधर पुलिस ने लंबे समय से फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने रियासत हुसैन पुत्र कियाफत हुसैन, निवासी कल्सिया पुल, काठगोदाम को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई।

## आज भी नैनीताल समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून | हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के अधिकतर जिलों में बुधवार को भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन, बिजली चमकने के साथ मूसलाधार बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने का अनुमान है।

केंद्र की ओर से पौड़ी, चमोली, चंपावत, टिहरी, हरिद्वार, पिथौरागढ़, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



आने वाले दिनों की बात करें तो 24 अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। प्रदेश में बारिश और भूस्खलन के चलते 124 सड़कें बंद हैं। इनमें सबसे अधिक 92 ग्रामीण मार्ग हैं। पिथौरागढ़ में 24, चमोली 20, नैनीताल में 18, बागेश्वर 11, देहरादून में 10, नई टिहरी में 10, पौड़ी में 10, उत्तरकाशी में 09, रुद्रप्रयाग में 08 व अल्मोड़ा में 04 मार्ग बंद हैं। खराब मौसम के कारण देहरादून एयरपोर्ट पर सुबह से लेकर शाम तक हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। विभिन्न शहरों से देहरादून आ रहीं पांच उड़ानों को चंडीगढ, अमृतसर और दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। वहीं, उड़ानों के देरी से एयरपोर्ट पहुंचने के कारण वापसी में भी देरी हुई। जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### नदियों का जल स्तर खतरे के निशान के पास

पहाड़ और मैदान में सोमवार रात से लगातार हुई बारिश से गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया। हरिद्वार में दोपहर 12 बजे भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का जलस्तर बढ़कर चेतावनी स्तर को पार कर गया। गंगा 293.50 मीटर पर पहुंच गया, जो चेतावनी निशान 293 से आधा मीटर ऊपर और खतरे के निशान 294 मीटर से आधा मीटर कम रहा। वहीं, ऋषिकेश में भी गंगा नदी के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उत्तरकाशी में भागीरथी नदी, चमोली में अलकनंदा, नंदाकिनी और पिंडर नदी, पिथौरागढ़ जिले में काली, गोरी और सरयू नदी भी खतरे के स्तर के आसपास बह रही है।

80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया

## होटल में भीषण आग, अब तक नौ की मौत, छह घायल

नई दिल्ली/कोलकाता | एजेंसी

कोलकाता के होटल में तड़के भीषण आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई और छह घायल हुए। दमकल ने आग बुझाई। बचाव अभियान के साथ हादसे के कारणों की जांच जारी है। खास बात यह है कि पश्चिम बंगाल अग्निशमन विभाग का मुख्यालय होटल के पास ही स्थित है।

कोलकाता में बुधवार तड़के एक पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। यह इमारत मध्य कोलकाता की मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर स्थित है और इसमें कई होटल चलते हैं। पुलिस के मुताबिक, आग रात करीब 1:45 बजे लगी। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया।



अधिकारियों ने बताया कि इमारत से करीब 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री कौशिक चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मरने वालों में भारतीयों के साथ बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि इमारत की स्थिति बेहद खराब थी और उसमें कई होटल चल रहे थे।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

आग लगने की शुरुआती वजह शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आग के सही कारण का पता फोरेंसिक जांच के बाद ही चलेगा। मंत्री ने कहा कि इमारत के प्रबंधन ने सुरक्षा और निर्माण से जुड़े जरूरी नियमों का पालन नहीं किया था। होटल के संचालन में भी कई अनियमितताएं होने की बात सामने आई है।

## आजम खान से जुड़े 10 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

लखनऊ | एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर से संबंधित चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में रामपुर, सहारनपुर और दिल्ली स्थित 10 परिसरों पर छापेमारी की।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर से संबंधित चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में रामपुर, सहारनपुर और दिल्ली स्थित 10 परिसरों पर छापेमारी की।

ये जांच सरकारी ठेका निधियों के निजी ठेकेदारों के माध्यम से कथित डायवर्जन और उनके बाद के उपयोग से संबंधित है, जिसमें विश्वविद्यालय/ट्रस्ट की परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए उपयोग भी शामिल है। जांच में कुछ ठेकेदारों और ट्रस्ट के बीच वित्तीय लेन-देन भी सामने आए हैं। ठेकेदारों ने कथित रूप से सरकारी ठेकों से लाभ उठाकर ट्रस्ट/विश्वविद्यालय की ओर धन डायवर्ट किया, जिसमें पर्याप्त दान और निर्माण कार्य शामिल हैं। ये छापेमारी अपराध की आय, वित्तीय रिकॉर्ड, दस्तावेज तथा सरकारी निधियों के डायवर्जन और उपयोग से संबंधित डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए की गई है। इसके पहले, जौहर यूनिवर्सिटी के 40 में से 38 भवनों को ध्वस्त करने के रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के आदेश पर मुरादाबाद के कमिश्नर एवं आरडीए के अध्यक्ष आंजनेय कुमार सिंह ने रोक लगा दी थी। आरडीए के उपाध्यक्ष एवं रामपुर के डीएम अजय कुमार द्विवेदी के स्तर से बिना नक्शा पास हुए बने 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी होने के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन और जौहर ट्रस्ट ने प्राधिकरण अध्यक्ष एवं कमिश्नर के न्यायालय में अपील दाखिल की थी।




## आज से फिर शुरू होगी द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा

रुद्रप्रयाग | हमारे संवाददाता

कांवड़ यात्रा के दौरान अत्यधिक भीड़ और जन सुरक्षा को देखते हुए मद्महेश्वर यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। बुधवार से यात्रा फिर शुरू होगी।

जनसुरक्षा को देखते हुए अस्थायी रूप से स्थगित की गई मद्महेश्वर धाम की यात्रा को 19 अगस्त से फिर सुचारू किया जाएगा। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से ट्रॉली संचालन के समय में परिवर्तन किए गए हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान अत्यधिक भीड़ और जन सुरक्षा को देखते हुए मद्महेश्वर यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी आदेश में पूर्व में 7 अगस्त को जारी यात्रा स्थगन संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी ऊखीमठ की जांच आख्या तथा पुलिस, लोक निर्माण विभाग, तहसील प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त अभिमत के आधार पर यात्रा फिर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई शर्तें लागू रहेंगी। ट्रॉली संचालन का समय सुबह 6:30 से 9 बजे, फिर 10:30 से दोपहर 1 बजे और दोपहर 2:30 से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सुबह 9 से 10:30 बजे तथा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक विश्राम रहेगा। वहीं यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सहायता के साथ किसी भी आपदा की स्थिति में एसडीआरएफ, डीडीआरएफ एवं खोज-बचाव दल भी मौजूद रहेंगे।



## पुलिस की वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी को धरपकड़ कार्रवाई, रम्पुरा पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

रुद्रपुर | हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पुलिस का जनपद में फरार वारंटियों, वांछितों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रकाश दानू के नेतृत्व में पुलिस ने रम्पुरा क्षेत्र में अलग अलग मामले में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि गिरफ्तार एक वारंटी मारपीट और दूसरा आर्म्स एक्ट का है। उन्होंने बताया कि पुलिस का क्षेत्र में वारंटी वांछितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम में रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी दीपक कौशिक, कांस्टेबल महेंद्र कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**गिरफ्तार वारंटी:** अमन कोली पनिवासी रम्पुरा वार्ड नंबर 23 रुद्रपुर।

प्रेम शंकर रम्पुरा वार्ड 22 रुद्रपुर।

### रामलीला मैदान के शुद्धिकरण पर भीम आर्मी का राष्ट्रपति को ज्ञापन

हल्द्वानी। रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के बाद हुए कथित शुद्धिकरण को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने मामले की न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से भेजा। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने आरोप लगाया कि 8 अगस्त को रामलीला मैदान में मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के दो दिन बाद 10 अगस्त को कुछ लोगों ने गंगाजल का छिड़काव, धुलाई और हवन कर कथित शुद्धिकरण किया। उन्होंने इसे दलित समाज, सभा में मौजूद एससी, एसटी, ओबीसी एवं मूलनिवासी समाज तथा संविधान की भावना के खिलाफ बताया।

# भीमताल में होम स्टे इकाइयों का किया गया औचक निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को भीमताल क्षेत्र में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति चंद आर्या व पर्यटन विभाग की टीम द्वारा होम स्टे इकाइयों का सघन भौतिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण दल में जिला पर्यटन विकास अधिकारी के साथ पर्यटन विभाग के कर्मचारी भी शामिल थे।

निरीक्षण के के दौरान कुल 16 होम स्टे इकाइयों का निरीक्षण किया गया जिसमें 3 इकाइयों का होम स्टे पंजीकरण संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर प्रत्येक पर 10-10 हजार0 रुपए का अर्थदंड निर्धारित किया गया। इसके साथ ही 7 इकाइयों को नियमावली के तहत गर्म पानी की सुविधा मुहैया न कराने पर तीन दिन का समय देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। कार्रवाई के साथ साथ जिन इकाइयों को नोटिस दिए गए उनमें सरोज कुमार दुर्गा, श्याम नारायण गुप्ता, रिमानी जोशी, ममता जोशी, अफ सर खान, अंशुमन मोहता वहीं दूसरी ओर होमस्टे के निरीक्षण के दौरान जिन इकाइयों पर जुर्माना लगाया गया उनमें पीआईओ पैलेस,लेक माउंट व रोज मैरी शामिल थे।

इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिन इकाइयों में गर्म पानी की सुविधाएं पाई गई उनमें राघवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह घुराल, तनवेन्द्र शेखर, सुरभा होम स्टे एव दीप विला होमस्टे शामिल रहे निरीक्षण के दौरान भीमताल इन होम स्टे बंद पाया गया।

## चौथे दिन मौन धारण कर धरने पर बैठे पुनीत टंडन

**नैनीताल ।** नैनीताल की लोअर मॉल रोड का निर्माण एवं मरममत कार्य में देरी को लेकर श्री मां नयना देवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन का धरना चौथे दिन भी जारी रहा।

चौथे दिन टंडन ने कुछ घंटों के लिए मौन धारण भी किया वहीं लोनिवि के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिख नंदा देवी डोले के मार्ग को लेकर स्पष्ट मांग रखी।दूसरी ओर नैनीताल में क्षतिग्रस्त लोअर मॉलरोड के ट्रीटमेंट कार्य के दौरान ही अपर मॉलरोड पर दरारें उभरने लगी हैं। मंगलवार को पर्यटन कार्यालय के सामने अपर मॉलरोड पर दरारें पहले की तुलना में बढ़ी हुई दिखाई दीं। इससे सड? की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। दरारें लगातार बढ़ीं तो नगर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है।लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि उक्त स्थान पर पूर्व में भी दरार उभरी हुई थी। इन दिनों काम के चलते हल्की दरारें दिखाई दे रही हैं। लोअर मॉलरोड के ट्रीटमेंट के बाद अपर मॉलरोड की दरारों को भी भर दिया जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने पिता की याद में किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 764वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 764वे दिन डीडीहाट में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### हाईकोर्ट को स्थानान्तरित न करने की डीएम से की गुजारिश



**नैनीताल ।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री व सामाजिक कार्यकत्री खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में मंगलवार को शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर नैनीताल से हाईकोर्ट को अन्यंत्र स्थापित न करने की गुजारिश की। ज्ञापन के माध्यम से शिष्टमंडल ने डीएम से हाईकोर्ट को अन्यंत्र स्थान्तरित करने के प्रस्ताव पर पुर्नविचार करने,हाईकोर्ट को नैनीताल में ही यथावत रखने, पर्वतीय क्षेत्रों से ऐसे महत्वपूर्ण संस्थानों के लगातार मैदानी क्षेत्रों में स्थानान्तरण की पालसी पर रोक लगाने, पहाड़ के स्थानीय अधिवक्ताओं, व्यापारियों व युवाओं व आमजन के हितों में ध्यान में रखते हुए फैसले लेने की गुजारिश की। शिष्टमंडल में भवाली के पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन अधिकारी, एडवोकेट भगवत प्रसाद, शांति तिवारी, कंचन सुयाल, सुजान रजवार आदि शामिल रहे।

### माल रोड में फड़ लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल ।** नैनीताल की मालरोड पर फड़ लगाकर आजीविका चलाने वाली महिलाओं ने नगरपालिका की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल और अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शाम के समय फ ड़ लगाने की अनुमति देने की मांग की है। फड़ लगाने वाली महिलाओं का कहना है कि वे पिछले कई वर्षो से मालरोड पर फड़ लगाकर अपने हाथ से बनाए उत्पाद इत्यादि बेचकर अपने परिवार का भरण.पोषण कर रहे हैंए लेकिन वर्तमान में नगरपालिका की ओर से फड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने नगरपालिका से मानवीय आधार पर शाम छह बजे से रात नौ बजे तक मालरोड पर फड़ लगाने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने वालों में मंजू, आशा, सरस्वती, मोना, नीमा, शीला, दीपा, नीमा, लीला, रेखा, रश्मि, चंपा, पुष्पा, भावना, माधवी, बीना, रेखा व चंपा शामिल रही।

### ज्योलीकोट चौकी पर पर्यटकों से 18 हजार रुपये वसूलने का आरोप

**नैनीताल।** ज्योलीकोट पुलिस चौकी के तीन कांस्टेबलों पर 18 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में खबर फैलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार 14 अगस्त को चार लोग कार से हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ज्योलीकोट पुलिस चौकी कर्मियों ने वाहन को रोका। पर्यटकों का आरोप है कि इस दौरान उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई और कार्रवाई के नाम पर उनसे रुपये मांगे गए। आरोपों के अनुसार पर्यटकों से कुल करीब 18 हजार रुपये का यूपीआई भुगतान कराया गया। बाद में दबाव के बाद रकम वापस किए जाने की बात भी सामने आई है। मामला सोशल मीडिया में आने के बाद ज्योलीकोट चौकी की कार्यशैली और पुलिस की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सीओ अंजना नेगी ने बताया कि फिलहाल किसी पर्यटक की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। उनको भी सोशल मीडिया से जानकारी मिली है मामले में पर्यटकों की जानकारी जुटाई जा रही है।



# नैनीताल में एडी सौन ने किया जीआईसी व जीजीआईसी का निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल नैनीताल गजेन्द्र सिंह सौन ने मंगलवार को नैनीताल जिला मुखयालय स्थित जीआईसी एवं जीजीआईसी में औचक निरीक्षण कर पठन पाठन का जायजा लिया।

एडी सौन ने इस दौरान शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ बैठक कर स्कूली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण तिथि को स्कूलों में स्कूली बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। एडी ने जीआईसी में शिक्षकों से गुणात्मक सुधार के साथ बच्चों के पठन पाठन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा वे पढाई को रूचिपूर्ण और प्रभावी बनाये। बच्चों की कापियों का मूल्यांकन करें। उन्होंने स्कूलों की गिरती छात्र संखया पर चिंता जाहिर की। एडी सौन ने प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज बिष्ट से छात्र संखया में वृद्धि किये जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। छात्र संखया के दृष्टिगत इस वर्ष से स्कूल में बालिकाओं के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी हैं। अपर निदेशक सौन ने जीजीआईसी में छात्राओं से कक्षा कक्षों में जाकर विषय आधारित सवाल पूछे जिनका बच्चों ने सन्तोषजनक उत्तर दिया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाचार्य जयश्री से शैक्षणिक और व्यवस्थागत सुधारों के प्रति सजग रहने की बात कही। निरीक्षण के दौरान मुखय प्रशासनिक अधिकारी जगमोहन रौतेला भी मौजूद रहे।

# मीनू कैंपः नैनीताल में कैडेट्स ने 29 किमी की सेलिंग की पूरी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट कैंप (मीनू-2026)के दूसरे दिन यानी मंगलवार को कैडेट्स ने नैनी झील में 29 किलोमीटर की सेलिंग पूरी की। कैंप के दौरान कैडेट्स को नौकायन के व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया गया।

5-यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह ने बताया कि कैंप के अंतर्गत मंगलवार को कैडेट्स को सेलिंग की बेसिक ट्रेनिंग तथा सेल बोट की रिगिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सेल बोट के विभिन्न हिस्सोंए रिगिंग की प्रक्रिया तथा नौकायन के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। मंगलवार की सेलिंग के दौरान कैडेट्स ने 29 किलोमीटर की दूरी तय की जो सोमवार से अब तक 61 किमी हो गई है। नौकायन के दौरान कैडेट्स ने टीमवर्क, समन्वय व अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी कैडेट्स का उत्साह और मनोबल ऊँचा रहा।प्रशिक्षण गतिविधियों में प्रशिक्षक पेटी ऑफिसर प्रशांत तोमर, चीफ पेटी ऑफि सर विक्रांत सिंह, पेटी ऑफि सर दीपक कुमार, पेटी ऑफिसर अनूप कुमार तथा गर्ल कैडेट इंस्ट्रटर दिव्या यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# राष्ट्रीय खेल मंच पर चमकेंगी नैनीताल ऑल सेंट्स कॉलेज की 4 बेटियां, बढ़ाया गौरव



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज की चार होनहार छात्राओं ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और नैनीताल का नाम रोशन किया है। चारों छात्राओं का चयन अलग-अलग राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। उनकी इस कामयाबी से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

बता दें कि जैना रहमान और नंदानी बिष्ट का चयन उत्तराखंड क्षेत्र की ओर से सीआईएससीई राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बालिका वर्ग)2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सेंट जोसेफ स्कूल अल्फ I-1, ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएगी वहीं नंदानी बेलवाल और नव्या सिंह का चयन उत्तराखंड टीम के लिए 52वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 23 अगस्त 2026 तक भुवनेश्वर ओडिशा में किया जा रहा है।

चारों छात्राओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से यह कामयाबी हासिल की है। राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए ही नहीं बल्कि ऑल सेंट्स कॉलेज और पूरे नैनीताल के लिए गर्व का विषय है।

इस गौरवपूर्ण कामयाबी पर ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या मिसेज रिचर्ड, खेल विभागाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट सहित समस्त शिक्षक.शिक्षिकाओं ने छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित करेगी।

# आपराधिक मामले में नाबालिग याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के मंगलौर थाने में दर्ज एक आपराधिक मामले में नाबालिग याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत दी है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगली तारीख तक संबंधित मामले में याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार न किया जाए बशर्ते वे जांच में सहयोग करें।

न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने नाबालिग याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि मंगलौर थाने में 1 अगस्त 2026 को केस क्राइम नंबर 0387/ 2026 दर्ज किया गया है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 115 (2),118 (1),126 (2),190 तथा 191 (2)191 (3)और 351 (2)लगाई गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने एफआईआर निरस्त करने के साथ ही गिरफ्तारी से संरक्षण देने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि याचिकाकर्ता नाबालिग और निर्दोष हैं तथा उन्हें पक्षों के बीच पूर्व से चले आ रहे विवाद और कथित वैमनस्य के कारण मामले में झूठा फंसाया गया है। अदालत के समक्ष यह भी कहा गया कि स्थानीय चुनावों को लेकर दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक एवं व्यक्तिगत मतभेद उत्पन्न हुए थे और इसी कारण विरोधी पक्ष में याचिकाकर्ताओं तथा उनके परिवार के प्रति नाराजगी थी। यह भी आरोप लगाया गया कि दूसरे पक्ष के लोग याचिकाकर्ताओं और उनके परिजनों पर समझौते के लिए दबाव बना रहे थे और मांग नहीं मानने पर कथित तौर पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।कोर्ट ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से रखी गई दलीलों में कुछ सार दिखाई देता है और इन दलीलों पर विचार करने की आवश्यकता है। इसके बाद कोर्ट ने प्रतिवादी संखया तीन को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार को शपथपत्र अथवा आपत्तियां दाखिल करने के निर्देश दिए।हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि अगली तारीख तक याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

# अभिमत



## सही व कठिन रास्ता

*अभियान सराहनीय है, लेकिन कठिन है। युवाओं के साथ अनेक प्रौढ़ पुरुष और महिलाओं को भी नशे की लत है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में बहुत सी युवतियां फैशन के तौर पर नशे की गिरफ्त में आ रही हैं। उत्तराखंड में समय-समय पर महिलाएं नशे का विरोध करती हैं, परन्तु व्यापक समर्थन नहीं मिलने से नशेड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। पूरे देश में नशेड़ियों के आंकड़ों से समस्या की गंभीरता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।*

स्वस्थ नागरिक परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार होते हैं। नशा मनुष्य की बर्बादी का प्रमुख कारण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' शुरू किया है। अभियान सराहनीय है, लेकिन कठिन है। युवाओं के साथ अनेक प्रौढ़ पुरुष और महिलाओं को भी नशे की लत हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में बहुत सी युवतियां फैशन के तौर पर नशे की गिरफ्त में आ रही हैं। उत्तराखंड में समय-समय पर महिलाएं नशे का विरोध करती हैं, परन्तु व्यापक समर्थन नहीं मिलने से नशेड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। पूरे देश में नशेड़ियों के आंकड़ों से समस्या की गंभीरता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। तीन करोड़ से अधिक लोग गांजा व भांग का सेवन करते हैं। करीब ढाई करोड़ लोग अफीम, हेरोइन आदि का सेवन करते हैं। 16 करोड़ शराब पीते हैं। इसके अतिरिक्त तम्बाकू, सिगरेट, बीड़ी का नशा करने वालों के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। किराने की दुकानों पर तम्बाकू की सिगरेट के साथ ही स्मैक जैसी स्वास्थ्य के लिए घातक ड्रग्स उपलब्ध है। दवा की दुकानों पर नशीली गोलियां तथा इंजेक्शन मिल जाते हैं। सरकारी मशीनरी द्वारा शिकायत मिलने पर दवा की कुछ दुकानों पर छापामारी की जाती है। नियमित रूप से दुकानों की जांच नहीं होती है। उत्तराखंड में शायद ही कोई दिन ऐसा होगा, जब स्मैक, चरस, गांजा आदि पकड़ने का समाचार मीडिया में सुर्खियां न बनता हो। पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दावा करती है। पुलिस की चेतावनी को धता बताते हुए नशा तस्कर हताश नहीं होते हैं। आंकड़े बताते हैं कि सबसे अधिक लोग शराब पीते हैं। शराब सरकार द्वारा ठेकों की नीलामी करके बिकवाई जाती है। अधिकृत दुकानों से शराब बिक्री होने पर सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है। उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में महिलाओं ने शराब की दुकान खोलने का विरोध किया है, इसके बावजूद हर साल आबकारी विभाग द्वारा शराब की नई दुकानें खोलने की अनुमति दी जाती है। एक तरफ सरकार राजस्व के लालच में गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह शराब की दुकान खोल कर नशे को बढ़ावा दे रही है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नशामुक्त युवा अभियान के जरिये विकसित भारत का प्रयास कर रहे हैं। शराब की जगह अन्य माध्यम से राजस्व प्राप्त करने की नीति पर विचार से ही अभियान सफल हो सकता है।

# गाजर घास जागरूक सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर मध्य प्रदेश के दिशा-निर्देशों के तहत हर साल की तरह इस बार भी पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग की ओर से अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधान शोध परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर से 21वां गाजर घास जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में गाजरघास जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन राजकीय इंटर मीडिएट कॉलेज शान्तिपुरी नम्बर 2 में गाजर घास उन्मूलन एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं परियोजनाधिकारी डा एसपी सिंह मौजूद रहे। छात्र-छात्राएं,शिक्षकों को संबोधित करते हुए डा एसपी सिंह ने गाजर घास से होने वाले नुकसान, इसके आगमन और इसके पूर्ण उन्मूलन के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूल रूप से उत्तरी और मध्य अमेरिका का पौधा है। भारत में यह 1950 के दशक में अमेरिका से भारत पहुंची थी। देखते ही देखते यह खतरनाक खरपतवार पूरे देश के सड़कों के किनारे, खाली जमीनों और खेतों में तेजी से फैल गई। डा. सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजर घास न केवल फसलों की पैदावार में गिरावट लाती है, बल्कि इसके संपर्क में आने से इंसानों में त्वचा रोग (एक्जिमा), दमा (अस्थमा) और एलर्जी जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। दुधारू पशुओं द्वारा इसे चरने से उनके दूध में क ?वाहट आ जाती है और उनकी सेहत पर भी बुरा असर प ?ता है। उन्होंने ने गाजर घास से हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए एकीकृत खरपतवार प्रबंधन की रणनीति साझा की। गाजर घास में फूल आने से पहले ही इसे जड़ों से उखाड़ दें। उखाड़े गए पौधों को गड्ढे में दबाकर कंपोस्ट (जैविक खाद) या वर्मीकंपोस्ट में बदला जा सकता है। गाजर घास के प्राकृतिक उन्मूलन के लिए 'जाइगोग्राम बिकलराटा' नामक मेक्सिकन बीटल (कीड़ा) का उपयोग किया जाता है, जो केवल गाजर घास की पत्तियों को खाकर इसे सुखा देता है। डा. सिंह ने गाजर घास को उखाड़ते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे इसे उखाड़ते समय हाथों में दस्ताने और चेहरे पर मास्क अवश्य पहनें ताकि एलर्जी से बचा जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने डा. एसपी सिंह का धन्यवाद किया। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डा. सिंह ने गाजर घास के इतिहास, स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभावों और इसके वैज्ञानिक उन्मूलन पर दी गई जानकारी अत्यंत व्यावहारिक और उपयोगी है। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में न केवल पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत होती है, बल्कि वे अपने आसपास के समाज को भी जागरूक करने में सक्षम बनते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के रानी बसेरा,नंदा बल्लभ,रेनू बिष्ट,बालकृष्ण पांडे, मोहन सिंह कोरंगा, राजीव शंकर शुक्ला, संदीप पांडे समेत शिक्षक, छात्राएं परियोजना से संबंधित कार्मिक अधिकारी मौजूद रहे।

## दावे और आपत्तियों की सुनवाई 11 सितम्बर तक की जाएगी-एसडीएम

**किच्छा।** उप जिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी किच्छा गौरव पांडे ने बताया कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के तहत जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं,उनके दावे और आपत्तियों की सुनवाई निर्धारित समय आगामी 11 सितम्बर तक की जाएगी।उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों को त्रुटिरहित बनाने के लिए एक सतत् प्रक्रिया है। इसमें किसी प्रकार से घबराने और पैनिक होने कि आवश्यकता नहीं है।

**AFFIDAVIT**

It is for general information that I, MOHD ANAS S/o BACHCHHAN KHAN, R/o Line No.-16, Azad Nagar, City Haldwani. Tehsil Haldwani, District Nainital, Uttrakhand-263139 declare that the name of my Father and Mother has been wrongly written as BACHCHHAN and SHEHNAZ in my 10th Class and 12th Class educational documents.The actual names of my Father and Mother are BACHCHHAN KHAN and SHAHNAJ BEGAM respectively, which may be amended accordingly.

# सीएम के खिलाफ तू-तड़ाक की भाषा बर्दाश्त नहीं: विधायक शिव

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता




पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रदेश के निर्वाचित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ की गई अमर्यादित एवं तू-तड़ाक की भाषा पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने तीखा पलटवार किया है।

विधायक ने कहा कि कांग्रेस की राजदारी और चाटुकारिता में ठुकराल शब्दों की मर्यादा भूल चुके हैं। सीएम के खिलाफ इस प्रकार की भाषा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है,लेकिन विरोध के नाम पर मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाना स्वस्थ राजनीति नहीं है।

उन्होंने ठुकराल की बयानबाजी को राजनीतिक हताशा और मानसिक दिवालियापन करार देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है कि कौन विकास के मुद्दों पर बात कर रहा है और कौन केवल व्यक्तिगत बयानबाजी में उलझा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी को बताया घटिया मानसिकता। उन्होंने पूर्व विधायक ठुकराल द्वारा बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर भी कड़ा पलटवार किया। प्रधानमंत्री ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और देश की सेवा के लिए समर्पित किया है। देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है और देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।ऐसे व्यक्तित्व के बारे में यह कहना कि प्रधानमंत्री गलत कार्यों के लिए विदेश में टापू पर जाते हैं, बेहद घटिया मानसिकता और राजनीतिक दिवालियापन का परिचय है। राजनीतिक विरोध की भी एक सीमा होती है। प्रधानमंत्री के खिलाफ बिना आधार के व्यक्तिगत और आपत्तिजनक टिप्पणी करना न तो स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है और न ही सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुरूप। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद को लेकर भी ठुकराल पर निशाना साधा। कहा कि अब विश्व हिंदू परिषद से भी दिक्कत है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में विश्व हिंदू परिषद सहित अनेक संगठनों और रामभक्तों ने लंबे समय तक संघर्ष किया। राम मंदिर के पक्ष में चली लंबी कानूनी लड़ाई और न्यायालय में हुई मजबूत पैरवी के बाद आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण साकार हुआ है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि तू-तड़ाक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग मत कीजिए। संवैधानिक पद की गरिमा का सम्मान करना प्रत्येक राजनीतिक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ठुकराल वर्ग विशेष को खुश करने के लिए मर्यादाएं लांघने वाली राजनीति रुद्रपुर की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

# फिल्मी दुनिया

## कच्चा बादाम फेम गर्ल अंजलि अरोड़ा का एक्टिंग डेब्यू





*फिल्म महाकाव्य श्री रामायण कथा का पहला पोस्टर और टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस टीजर में कच्चा बादाम फेम गर्ल अंजलि अरोड़ा भी नजर आई। जानिए, वह फिल्म में कौन सा किरदार निभा रही हैं।*

*इन दिनों राम कथा पर कई फिल्में बन रही हैं। नमित मल्होत्रा प्रोड्यूस और नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' खूब चर्चा में है। इसी बीच एक और फिल्म राम कथा पर बन रही है। इस फिल्म का नाम महाकाव्य श्री रामायण कथा है। इस फिल्म के जरिए अंजलि अरोड़ा अपना एक्टिंग डेब्यू भी रही हैं। फिल्म महाकाव्य श्री रामायण कथा के टीजर में राम और सीता विवाह, वनवास यात्रा और रावण की झलक भी मिली है। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा माता सीता के रूप में नजर आएंगी। वहीं देव शर्मा भगवान राम का किरदार निभाएंगे।*

### कब रिलीज होगी यह फिल्म?

*महोबिया फिल्म्स के प्रोडक्शन तले बनी इस फिल्म को प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रोड्यूस किया है। अजय कनौजिया की कंपनी एजे फिल्म एंटरटेनमेंट वर्ल्ड ने इसे पेश किया है। इसके डायरेक्टर अभिषेक सिंह हैं। यह फिल्म हिंदी के अलावा छत्तीसगढ़ी भाषा में भी रिलीज होगी। यह फिल्म 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

# चोरगलिया थाने में 45 माल मुकदमाती नष्ट, 43 का फोटोशेशन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में चोरगलिया थाना पुलिस ने विभिन्न मुकदमों से संबंधित लंबित माल मुकदमाती के निस्तारण की बड़ी कार्रवाई की।

अधिकारियों की मौजूदगी में कुल 45 माल मुकदमाती नष्ट किए गए, जबकि आबकारी अधिनियम से जुड़े 43 मालों का फोटोशेशन किया गया। कार्रवाई के दौरान आईपीसी के पांच, पोक्सो एक्ट के चार और आबकारी अधिनियम के 36 माल नियमानुसार नष्ट किए गए। इसके अलावा आबकारी अधिनियम से संबंधित 43 मालों का न्यायालय के आदेशानुसार फोटोशेशन किया गया। नमूना माल और पेनड्राइव सुरक्षित रखने के बाद शेष माल का निस्तारण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लालकुआं विमल प्रसाद, अभियोजन अधिकारी हल्द्वानी भानुप्रसाद कोठारी, आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह बिष्ट और थानाध्यक्ष तारा सिंह राणा मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार कार्रवाई का उद्देश्य न्यायालय के आदेशों का पालन करने के साथ थानों में लंबित माल मुकदमाती का समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण करना है।



News कॉर्नर

## देवीधूरा -बसानी मार्ग पर किलोमीटर 19 में भूधंसाव व दरारें उभरी

नैनीताल । नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग में बोहरगांव के पास किलोमीटर 19 में सड़क में अचानक भूधंसाव होने के साथ बड़ी.बड़ी दरारें उभर आईं। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही रुक गई और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई। सूचना पर विभाग की ओर से पहाड़ी की कटिंग कर मार्ग बनाया गया है।

मामले में पीएमजीएसवाई की सहायक अभियंता नेहा अमरीन मंसूरी ने बताया कि बोहरगांव के पास किलोमीटर 19 में सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद जेसीबी से पहाड़ी की ओर कटिंग कर रास्ता बनाया गया है। सड़क को सभी वाहनों की आवाजाही के लिए सुचारु कर दिया गया है।

## जिले के 20 मोटर मार्ग यातायात के लिए हुए बंद

नैनीताल । नैनीताल जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से दुश्वारियां बढना शुरु हो गयी है। बारिश की वजह से जहां एक ओर आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी ओर बारिश की वजह से जगह-जगह पर हो रहे भूस्खलन व अन्य कारणों की वजह से मोटर मार्ग भी बंद हो गए हैं। जिला आपदा कंट्रोल रुम से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में मंगलवार की शाम को चार बजे तक 20 मोटर मार्गो के बंद होने की सूचना केंद्र को मिली है। केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक जो मोटर मार्ग बंद हैं उनमें गर्जिया-बेतालघाट-खैरना-मुक्तेश्वर मार्ग, फतेहपुर-बेल मोटर मार्ग, बानना-जंगलियागांव, मुडकुडिया-पटरानी, भुजान-गर्जिया, चौपड़ा-कूल, अल्चौना-ताड़ा, भवाली बाईपास रोड, पदमपुरी-बबियाड़, डोबा-गौनियारों, भीमताल-जंगलियागांव, ढोलीगांव-धेना, स्यूड़ा-हरीशताल, कवारब ब्रिज-सरगाखेत, खनस्यू-टांडा, पतलोट-पश्यागांव, खुजेटी-भोनरा, छीड़ाखान-अमजड़, कसियालेख-सुपी तथा फतेहपुर भाखड़ा चौराहा-बासनी मोटर मार्ग शामिल हैं।

# कृषि मंत्री ने मंडी बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हल्द्वानी स्थित सर्किट हाउस में उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।



बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने नई मंडी नौगांव (उत्तरकाशी) के क्रियान्वयन सहित मंडी बोर्ड की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने ई-नाम प्रणाली, मंडियों की वित्तीय स्थिति, मुख्यमंत्री घोषणाओं, कृषि उत्पादन क्षति सहायता योजना, किसानों की दुर्घटना सहायता योजना, कृषकों के बच्चों की छात्रवृत्ति योजना, नाबार्ड पोषित योजनाओं तथा मंगलौर और विकासनगर में प्रस्तावित कोल्ड स्टोरेज के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि मंडी बोर्ड की आय के लिए 175 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए और मंडी बोर्ड से संबंधित विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत बजट का निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसानों के हितों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए.कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन और किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंडी व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ कोल्ड स्टोरेज एवं ई-नाम जैसी सुविधाओं का विस्तार किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रबंध निदेशक मंडी परिषद हेमंत कुमार वर्मा, वित्त नियंत्रक मंडी परिषद जुबक मोहन सक्सेना, महाप्रबंधक तकनीकी विजय कुमार, विपणन अधिकारी प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गंभीर अपराधों की विवेचना में देरी बर्दाश्त नहीं, आईजी ने कसे अफसर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कुमाऊं में अपराधियों पर शिकंजा कसने और पुलिसिंग को और जवाबदेह बनाने के लिए आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती ने मंगलवार को जनपद प्रभारियों की मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित मामलों पर सख्ती दिखाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंभीर अपराधों की विवेचना में लापरवाही या अनावश्यक देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी। तकनीक आधारित पुलिसिंग के साथ नए आपराधिक कानूनों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपराध समीक्षा के 46 बिंदुओं पर कार्रवाई की समीक्षा हुई। आईजी ने 60 और 90 दिन की समयसीमा में आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने, ई-साक्ष्य, जीरो एफआईआर, ई-समन और आईसीजेएस का शत-प्रतिशत इस्तेमाल सुनिश्चित करने को कहा। साइबर



अपराध के हॉटस्पॉट चिह्नित कर निरोधात्मक कार्रवाई और लंबित साइबर मामलों के शीघ्र निस्तारण पर भी जोर दिया गया। समीक्षा में लूट के 94, डकैती के 100, चोरी के 76, हत्या के 96, बलात्कार के 100 और वाहन लूट के 100 प्रतिशत मामलों के खुलासे की जानकारी दी गई। चेन स्नैचिंग के 79, महिला अपहरण के 96 और दहेज हत्या के 93 प्रतिशत मामले भी सुलझाए गए। आईजी ने शेष गंभीर मामलों की व्यक्तिगत निगरानी कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

**1,051 गुमशुदा बरामद:** पुलिस ने अवधि में 1,051 गुमशुदा लोगों को बरामद किया, जिनमें 220 बच्चे, 299 पुरुष और 532 महिलाएं शामिल हैं। एक जनवरी से 31 जुलाई तक प्राप्त 1,048 शिकायतों में 905 का निस्तारण किया गया।

नाबालिगों से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई और तकनीकी संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल के निर्देश दिए गए। महिला, बाल अपराध, पॉक्सो, दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के दो माह से अधिक लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के साथ दो वर्ष पुराने अभियोगों की भी समीक्षा की गई। नशे की सप्लाई चेन तोड़ने, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण और सीसीटीएनएस व ई-बीट व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। गोष्ठी में एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी, एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति, एसएसपी अल्मोड़ा चन्द्रशेखर घोडके, एसपी पिथौरागढ़ अक्षण प्रहलाद कोंडे, एसपी चम्पावत रेखा यादव और एसपी बागेश्वर जितेन्द्र मेहरा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्नी को डराने के लिए दी मौत की धमकी, गौला नदी में कूदने पहुंचा युवक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पत्नी से आए दिन होने वाले विवाद से परेशान एक युवक ने उसे डराने के लिए अपनी जान देने की धमकी दे डाली। बात इतनी बढ़ गई कि युवक गोला नदी में कूदने के इरादे से घर से निकल पड़ा। पत्नी को जब इसकी भनक लगी तो वह भी पीछे-पीछे नदी किनारे पहुंच गई और शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा कर लिया। सूचना पर पहुंची बनभूलपुरा थाना पुलिस ने युवक को सुरक्षित कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को समझाया और घर भेज दिया।

बताया जाता है कि राजपुरा निवासी युवक का अपनी पत्नी से आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। मंगल वार को भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। गुस्से में युवक ने पत्नी को डराने के लिए अपनी मौत की धमकी दी और घर से निकल गया। युवक के गोला नदी की ओर जाने की जानकारी मिलने पर पत्नी भी उसके पीछे पहुंच गई। नदी किनारे पहुंचने के बाद युवक ने कूदने का प्रयास किया, लेकिन बाद में वह नदी के बराबर बने फर्श पर जाकर बैठ गया।

इस दौरान पत्नी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल बनभूलपुरा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने के बाद अपने साथ थाने ले आई। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि पत्नी से आए दिन होने वाले झगड़े के कारण उसने उसे डराने के लिए नदी में कूदकर जान देने की बात कही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद पति-पत्नी को घर भेज दिया गया।

**धमकी से मचा हड़कंप:** युवक के नदी किनारे पहुंचने और उसके बाद पत्नी के शोर मचाने से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि समय रहते स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से युवक को सुरक्षित बचा लिया गया।

## हिल ट्रैक सोसाइटी फॉर का एजुकेशन एनवायरनमेंट एंड एनर्जी ने बच्चों को बांटी छाता और लंच

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिल ट्रैक सोसाइटी फॉर का एजुकेशन एनवायरनमेंट एंड एनर्जी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को सुश्री रेखा त्रिवेदी (सेवानिवृत प्रधानाचार्या मोहनलाल शाह बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल) एवं मंजू बिष्ट (सेवानिवृत मुखय व्यवस्थाधिकारी राज्य अतिथि गृह नैनीताल) द्वारा राजकीय बालक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को छाता एवं लंच सामग्री प्रदान की गई।

इस विशेष मौके पर बिष्ट एवं सुश्री द्विवेदी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए भविष्य में उनकी आवश्यकता के अनुसार हर जरूरत पूर्ण किए जाने को कहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित मल्लीताल बाजार वार्ड के सभासद मुकेश जोशी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वह भी इसी विद्यालय में अध्यनरत थे उनके द्वारा कहा गया कि मेहनत के बल पर हर समस्या को दूर कर मंजिल पाई जा सकती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुशीला टमटा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर हिलट्रैक समिति की संस्थापक सदस्य कुमारी अदविका, सुमन मेहरा समन्वयक अमित सनवाल, सुनील मिश्रा, भुवन फुलारा, मंजू पांडे, सुनीता राणा, ज्योति तिवारी एवं आलोक जोशी आदि उपस्थित रहे।



## हाईकोर्ट ने दिए सरकार को स्थिति से अवगत कराने के निर्देश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने वन विभाग में दैनिक श्रमिक और अनुबंध के आधार पर वर्षों से कार्यरत श्रमिकों का नियमितीकरण करने को लेकर दाखिल याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ नें राज्य सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट नें चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बता दें याचिकाकर्ताओं ने नियमितीकरण नियमावली में तय की गई कटऑफ डेट को चुनौती दी है।

## शिक्षक नेता मनोज तिवारी ने भेजा शिक्षा निदेशक को ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वर्तमान में शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रही स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों में भारी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है विश्वास सूत्रों से छनकर आ रही खबरों के मुताबिक इस वर्ष भी स्थानांतरण केवल एक ही श्रेणी में किया जा रहे हैं जिसको लेकर अन्य संवर्गों के अंतर्गत लंबे समय से स्थानांतरण की बाट जोट रहे शिक्षकों में बेचैनी का होना लाजमी है।

उल्लेखनीय है कि वर्षो से दुर्गम में कार्यरत जो शिक्षक स्थानांतरण को लेकर लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे उनके लिए इस वर्ष भी स्थानांतरण टेढ़ी खीर साबित होता दिख रहा है क्योंकि न्यायालय के एक फैसले के कारण विभाग द्वारा किया गया दुर्गम एवं सुगम का कोटी निर्धारण शिक्षकों के सेवा पोर्टल से हटा दिया गया है।

अब वर्तमान में जबकि एक बार फि र से शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्थानांतरण के लिए विशेष प्रयासों के तहत अतिरिक्त समय प्रदान किया गया था लेकिन फिर स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों में बेचैनी बढ़ गई है। दूसरी ओर मामले में उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस पर पहल करते हुए इस वर्ष की स्थानांतरण प्रक्रिया में सभी संवर्गों के सभी पात्र शिक्षकों को समिलित करते हुए काउंसलिंग के आधार पर स्थानांतरण करवाने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक संगठन के प्रांतीय तदर्थ समिति के के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने निदेशक प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखंड को ज्ञापन भेज कर शासन को इस बाबत प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया है उनका कहना है कि इससे जहां सभी पात्र शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ मिलेगा वही इस प्रक्रिया को काउंसलिंग के माध्यम से करवाए जाने के कारण पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से हो पाएगी।


कार्यालय जिला पंचायत नैनीताल

पत्रांक- 505/एक-31/2013-14

दिनांक- 13.08.2026

जनपद नैनीताल के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।



जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सतत सतत विकास प्रयासरत जिला पंचायत नैनीताल को सहयोग प्रदान करने हेतु सी. पी. टैक्स एवं लाइसेंस शुल्क तथा कूड़ा निस्तारण चार्ज का समय पर भुगतान करें राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन करने के साथ-साथ माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल के आदेशों के क्रम मे पालीथीन का प्रयोग न करें, कूड़े को नियत स्थान (जिला पंचायत के कूड़ा वाहन ) पर डाले जाने के साथ ही यातायात के नियमों का पालन करें।

ई. अनिल जोशी
अपर मुख्य अधिकारी
(जिला पंचायत, नैनीताल )

देवकी बिष्ट
उपाध्यक्ष /समस्त माननीय सदस्य
जिला पंचायत, नैनीताल

दीपा दरम्वाल
अध्यक्ष
जिला पंचायत, नैनीताल